कालाबाजारी करने वालों पर हो सख्त कार्रवाई

▶ जिला सलाहकार समिति की बैठक में प्रभारी मंत्री ने कहा

नर्मदापुरम, 8 मई. जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह ने जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को खाद एवं बीज की उपलब्धता सहज और समय पर सुनिश्चित की जाए. कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए. उन्होंने कृषि विभाग को आगामी फसल सीजन के लिए अभी से पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए.

प्रभारी मंत्री ने कहा कि ई-विकास पोर्टल के माध्यम से किसान आसानी से खाद का ऑर्डर बुक कर सकें, इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं. जिन किसानों का नंबर जिस दिन आए, उन्हें उसी दिन खाद वितरण सुनिश्चित किया जाए. खरीदी केंद्रों पर किसानों की लंबी कतारें न लगें, इसके लिए जनप्रतिनिधि और प्रशासन मिलकर समाधान निकालें तथा किसानों को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं. बैठक में तौल कांटों में गड़बड़ी की शिकायत सामने आने पर प्रभारी मंत्री ने कलेक्टर को खरीदी केंद्रों के तौल कांटों की प्राथमिकता से जांच कराने के निर्देश दिए. उन्होंने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को सेठानी घाट पर असामाजिक तत्वों एवं नशेड़ियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने को भी कहा.बैठक में विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, विधायक ठाकुरदास नागवंशी, विधायक विजयपाल सिंह, विधायक प्रेम शंकर वर्मा सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, कलेक्टर सोमेश मिश्रा और पुलिस अधीक्षक साई कृष्ण एस थोटा उपस्थित रहे. प्रभारी मंत्री ने जिले में पेयजल संकट न होने देने, कानून व्यवस्था बनाए रखने और रेवा बनखेड़ी रोड सहित अन्य सड़कों से अतिक्रमण हटाने के निर्देश भी दिए. उन्होंने खापरखेड़ी पंचायत में हर हाल में पेयजल उपलब्ध कराने और तिलक सिंदूर क्षेत्र में पर्यावरण अनुकूल अस्थायी सामुदायिक शौचालय निर्माण कराने को कहा. कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बताया कि पूर्ण हो चुकी नल-जल योजनाओं को ग्राम पंचायतों को सौंपा जा रहा है.

प्रभारी मंत्री राकेश सिंह ने पुलिस को फटकारा

नर्मदापुरम, 8 मई . नर्मदा के सेठानी घाट और कोरी घाट पर बढ़ती शराबखोरी, हुड़दंग और असामाजिक गतिविधियों को लेकर प्रभारी मंत्री राकेश सिंह से सर्किट हाउस में हिन्दू संगठन के लोग मिले . उन्होंने पुलिस प्रशासन पर आरोप लगाए कि देर रात तक घाटों पर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है . खुलेआम शराबखोरी की जाती है, जिससे धार्मिक स्थल की पवित्रता और पर्यटन स्थल की छवि धूमिल हो रही है . श्रद्धालु और महिलाएं खुद को असुरक्षित महसूस करती हैं . पुलिस कुछ नहीं करती है .शिकायत सुनने के बाद मंत्री नाराज हुए और टीआई कंचन सिंह ठाकुर को सख्त हिदायत कि यदि ऐसा कोई मामला है तो वहां जाकर ठीक करें . उन्होंने हिन्दू संगठन से कहा कि यदि कार्रवाई नहीं होती है तो मुझे सूचित करें . वहीं मंत्री ने पुलिस को रात में सख्त गश्त संदिग्धों की निगरानी और विशेष सुरक्षा घाटों पर करने के निर्देश दिए . इस दौरान प्रभारी मंत्री ने सर्किट हाउस में भाजपा जिला कोर कमेटी की बैठक ली . करीब एक घंटे चली बैठक में नर्मदापुरम विधायक डॉ . सीतासरन शर्मा, सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह , पिपरिया विधायक ठाकुरदास नागवंशी, सिवनी मालवा विधायक प्रेमशंकर वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजो मालवीय और जिला पंचायत अध्यक्ष राधा सुधीर पटेल समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे .

नदियों का गहरीकरण किया जाए : उईके

▶ जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक का हुआ आयोजन

हरदा, 8 मई. अनुसूचित जनजाति कार्य विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उईके ने कहा कि जल संकट के निदान के लिये अधिक से अधिक जल संवर्धन के कार्य किये जाएं. जल संवर्धन के लिये प्रत्येक व्यक्ति को संवेदनशील रहने की जरूरत है.आज के संचित जल से ही भविष्य में जल आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी.

उन्होंने कहा कि जल संरक्षण की दिशा में युद्ध स्तर पर कार्य किये जाने की जरूरत है.जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नदियों के संरक्षण एवं गहरीकरण के लिये भी कार्य किया जाए. उईके शुक्रवार को आयोजित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति ''दिशा'' की बैठक को संबोधित कर रहे थे.बैठक में पूर्व विधायक संजय शाह, जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश वर्मा, कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, जिला पंचायत सीईओ अंजली जोसेफ जोनाथन सहित समिति सदस्य व विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे.

उन्होंने कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए विभाग द्वारा आयोजित किये जाने वाले कृषक भ्रमण कार्यक्रम एवं कृषकों के सम्मान कार्यक्रम में चयनित किये जाने वाले कृषकों की जानकारी जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये.साथ ही जिले में जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की अपेक्षा की गई. कलेक्टर सिद्धार्थ जैन द्वारा स्कूलों में प्रारंभ मिशन कोड शक्ति एवं विद्या आसन अभियान जैसे नवाचारों की सराहना की गई.

> उईके ने कुपोषित बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिये जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दी गई जिम्मेदारियों की बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने सराहनीय कार्य बताया. स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य विभाग में रिक्त पदों की पूर्ति की स्थिति की जानकारी ली गई. उईके ने कहा कि जिले में चिकित्सा एवं पेरामेडिकल स्टाफ की पूर्ति के लिये आवश्यक जानकारी का ड्राफ्ट उनको दिया जाए .इसी तरह स्कूलों में शिक्षकों की पदस्थापना की स्थिति पर भी उईके ने समीक्षा की .

▶ एक नजर में

200 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर मंडी में लगाए रेडियम टेप

हरदा, 8 मई . यातायात पुलिस ने शुक्रवार को कृषि उपज मंडी परिसर में विशेष सड़क सुरक्षा अभियान चलाया. इसका उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को कम करना और ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना था . अभियान के तहत, मंडी में आने वाली लगभग 200 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के पीछे रेडियम टेप लगाए गए .इससे रात के समय इन वाहनों की पहचान स्पष्ट हो सकेगी और दुर्घटनाओं की आशंका कम होगी .यातायात पुलिस ने दोपहिया वाहन ड्राइवरों को हेलमेट के महत्व के बारे में भी समझाया .पुलिस अधिकारियों ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन नहीं, बल्कि स्वयं और परिवार की सुरक्षा का महत्वपूर्ण माध्यम है .उन्होंने किसानों और वाहन ड्राइवरों से अपने वाहनों में आवश्यक सुरक्षा संकेतक और रिफ्लेक्टर लगाने तथा यातायात नियमों का पालन करने की अपील की . यातायात पुलिस के अनुसार, आगामी दिनों में भी जिलेभर में इस प्रकार के जागरूकता और सुरक्षा अभियान लगातार चलाए जाएंगे .इसका लक्ष्य सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाना है .

उत्कृष्ट काम करने पर प्रगणक का किया सम्मान

नर्मदापुरम, 8 मई . नगरीय क्षेत्र में सबसे पहले जनगणना का कार्य करने पर प्रगणक साक्षी सोनी को चार्ज जनगणना अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा पुष्पगुच्छ से सम्मानित किया गया . इस अवसर पर अतिरिक्त चार्ज जनगणना अधिकारी योगेश सोनी, जनगणना प्रभारी सुनील राठौर, सुपरवाईजर सुनीता अवस्थी उपस्थित थीं . ध्यान रहे कि नगरीय क्षेत्र में 180 प्रगणक और 30 सुपरवाइजर जनगणना का कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा प्रगणक साक्षी सोनी को शुभकामनाएं दी .

नलजल योजना कार्य पूर्ण होने पर निकली कलश यात्रा

पिपरिया, 8 मई . ग्राम दहलवाडाखुर्द में नलजल योजना का कार्य पूर्ण होने पर ग्राम पंचायत को संचारण संधारण हेतु हस्तांतरण करने पर कलश यात्रा एवं जलोत्सव का आयोजन किया गया . इस अवसर पर पीएचई के एसडीओ रवि केलवा,केमिस्ट आराधना सोनी, टेक्नीशियन लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा, प्रफुल्ल भलाधरे ,रामगोविंद चौबे,पुरूषोत्तम चौबे,राहुल मेहरा,मनोज राय समेत गांववासी उपस्थित थे . इस दौरान ग्राम में उत्साह भी देखा गया . एसडीओ रवि केलवा ने बताया कि 44 लाख 77 हजार की लागत से नलजल योजना का कार्य पूर्ण हुआ है .122 घरों तक पानी पहुंचाया गया है .

स्कूलों में किया जा रहा है जल का परीक्षण

पिपरिया, 8 मई . जलगंगा संवर्धन अभियान के विकासखंड पिपरिया बनखेड़ी में विभिन्न स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों के जल का परीक्षण फील्ड टेस्टिंग किट से किया जा रहा है .पीएचई के प्रभारी एसडीओ रवि केलवा ने बताया कि जल का परीक्षण किये जाने से यह पता लगाया जा सकेगा कि जल पीने योग्य है या नही इस कार्य हेतु पीएचई द्वारा पिपरिया व बनखेड़ी विकासखंड की समस्त पंचायतों में फील्ड टेस्टिंग किट का वितरण किया गया है .

किसान संघ ने नारेबाजी कर सौंपा ज्ञापन

▶ किसानों की समस्याएं हल करने की मांग

इटारसी, 8 मई.भारतीय किसान संघ तहसील इटारसी द्वारा किसानों को गेहूं उपार्जन में आ रही समस्याओं के निराकरण हेतु मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी नीलेश शर्मा को तहसील अध्यक्ष श्यामशरण तिवारी के नेतृत्व में सौंपा गया.संघ नें नारेबाजी भी की.

तहसील उपाध्यक्ष राजेश साध ने बताया कि वर्तमान में किसान गेहूं बेचने के लिए लंबी लंबी कतारों में लगे है. शासन की नीतियों से किसान परेशान हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं की जा रही . सरकार द्वारा तय समय से लेट उपार्जन कार्य हो रहा है. उसके बाद भी एफ ए क्यू मापदंड के नाम पर किसानों की उपज फेल की जा रही है. वेयर हाउस फुल होने से किसानों को वापस होने पर मजबूर होना पड़ रहा है, किसान कम कीमत में मंडियों में गेहूं बेचने पर विवश हो रहे है. भारतीय किसान संघ ने चेतावनी दी है कि 3 दिन में समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो भाकिसं जिला मुख्यालय पर आंदोलन करेगा ।

ये रहे उपस्थित- भारतीय किसान संघ द्वारा दिए ज्ञापन कार्यक्रम में जिला सहमंत्री रजत दुबे, श्यामशरण तिवारी, श्रीराम दुबे, अविनेश चौधरी,मोरसिंह राजपूत,सरदार यादव, राजेश साध, राजू तोमर, जगदीश कुशवाहा, कमल गालर, ओपी महालहा, हरीश वर्मा, दिलीप चौरे, महेश तिवारी,शिवकुमार पटेल,लक्ष्मीनारायण यादव, राजकुमार चौधरी, विनय पटैल, उमेश चौधरी आदि उपस्थित रहे.

किसानों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

सिवनी मालवा. किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर भारतीय किसान संघ ने तहसीलदार नितिन झोड को ज्ञापन सौंपा.जिला मंत्री शंकर सिंह पटेल के नेतृत्व में किसानों ने उपार्जन व्यवस्था में सुधार, समय पर भुगतान, खाद उपलब्धता और सिंचाई हेतु बिजली आपूर्ति जैसी मांगें प्रशासन के सामने रखीं. इस अवसर पर जिला मंत्री शंकर सिंह पटेल, तहसील मंत्री सोनू भदौरिया, संजय लौवंशी, नितेश भारद्वाज, रामनारायण शर्मा, दीपक रघुवंशी, संतोष लौवंशी, राधाकृष्ण मालवीय, निर्भय सिंह, सतीश रघुवंशी मौजूद थे.

व्यापारी संगठनों ने कृषि मंडी में लगाया वाटर कूलर

इटारसी, 8 मई. कृषि उपज मंडी में भीषण गर्मी के बीच किसानों और मजदूरों की सुविधा के लिए स्थानीय व्यापारी संगठनों ने एक सराहनीय पहल की है. दी ग्रेन मर्चेन्ट एवं न्यू ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में मंडी परिसर में शीतल पेयजल हेतु एक आधुनिक वाटर कूलर स्थापित किया गया है. शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित नरेंद्र शास्त्री के मंत्रोच्चार और विधि-विधान से पूजन के साथ हुआ. इसके पश्चात वरिष्ठ व्यापारी सुरेश ओसवाल, एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल कक्का, नवीन शर्मा और मंडी सचिव प्रशांत पाण्डेय ने संयुक्त रूप से लाल फीता काटकर वॉटर कूलर का उद्घाटन किया. लोकार्पण समारोह के अवसर पर व्यापारी संस्था द्वारा मौजूद समस्त कृषकों, व्यापारियों, हम्माल-तुलावटियों और मंडी कर्मचारियों को आइसक्रीम का वितरण भी किया गया. आयोजन के दौरान मंडी सचिव प्रशांत पांडे, रमेश चांडक, अनिल राठी, हिमांशु बाबू अग्रवाल आदि उपस्थित थे.

अमृत योजना के कार्यों का एसडीएम ने किया निरीक्षण

इटारसी, 8 मई. शहर की जल प्रदाय व्यवस्था को आधुनिक और सुदृढ़ बनाने के लिए केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी अमृत-2.0 योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों का शुक्रवार को प्रशासनिक अमले ने जायजा लिया. अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) निलेश शर्मा और मुख्य नगर पालिका अधिकारी रितु मेहरा ने टाटा कंपनी के इंजीनियरों के साथ निर्माणाधीन टंकियों और पाइपलाइन विस्तार कार्य का विस्तृत निरीक्षण किया.

निरीक्षण के दौरान एसडीएम निलेश शर्मा ने स्पष्ट लहजे में कहा कि विकास कार्यों के नाम पर आम जनता को असुविधा नहीं होनी चाहिए. उन्होंने निर्देश दिए कि जहाँ पाइपलाइन बिछाने का काम पूरा हो चुका है, वहां सड़कों का रेस्टोरेशन (सुधार कार्य) तत्काल किया जाए। साथ ही, सामग्री की गुणवत्ता और निर्माण मानकों की नियमित जांच के निर्देश भी तकनीकी टीम को दिए गए.उन्होंने निर्देश दिए कि पाइपलाइन डालने के बाद सड़कों को गड्ढा मुक्त कर मार्ग शीघ्र सुधारे जाएं.

एसडीएम ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा

सिवनी मालवा 8 मई. अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय में किसानों से जुड़े मुद्दों एवं विभागीय व्यवस्थाओं को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता एसडीएम विजय राय ने की.बैठक में नहर विभाग के अधीक्षण यंत्री सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे.

एसडीएम विजय राय ने उन्होंने कहा कि वर्तमान कृषि कार्यों के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए तथा उनकी समस्याओं का समय-सीमा में प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाए.

एसडीएम राय ने विशेष रूप से नहरों में सुचारू जल प्रवाह बनाए रखने, किसानों को खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं उपार्जन केंद्रों की व्यवस्थाओं को व्यवस्थित और सुचारू बनाए रखने पर जोर दिया.

पुलिस कर्मचारी से मारपीट करने वाले आरोपियों को सजा

▶ आरोपियों ने थाने में घुसकर की थी मारपीट

पिपरिया, 8 मई.पुलिस थाने में घुसकर पुलिसकर्मी से मारपीट करने वाले आरोपियों को दो-दो वर्ष का कारावास व दो-दो हजार रूपये अर्थदंड से दंडित किया गया.

न्यायायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी मनीश कुमार न्यायालय ने आरोपी बलराम ठाकुर तथा दिनेश छीपा को धारा 458 भादवि में दो-दो वर्ष कारावास,दो-दो हजार रुपए अर्थदंड धारा 332 भादवि में एक-एक वर्ष करावास,एक-एक हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया.मामले में शासन की ओर से एडीपीओ चौधरी विक्रमसिंह द्वारा पेरवी की गई.

इस घटना के संबंध में बताया जाता है कि आरक्षक राजेश सोनी 5 सितंबर 2012 को थाने में शासकीय कार्य कर रहा था और प्रधान आरक्षक अखयराम थाने में एचसीएम का कार्य कर रहे थे. उसी समय थाने में उपस्थित कस्तूरबा वार्ड निवासी अशोक जैन झगड़े की रिपोर्ट लिखा रहे थे. तभी आरोपी बलराम ठाकुर,दिनेश छीपा व अन्य चार-पांच व्यक्ति थाने आये तथा आरक्षक को गालियां दी व कक्ष में घुस गये. इन लोगों को रोका तो आरक्षक राजेश सोनी का रजिस्ट्रर टेबल से गिरा दिया और मारपीट की.

अभियोजन द्वारा इस मामले में न्यायालय में 15 अभियोजन साक्षियों के साक्ष्य कराये.प्रस्तुत साक्ष्य व तर्को से सहमत होकर न्यायालय ने आरोपी बलराम तथा दिनेश को दंडित किया गया.बलराम ठाकुर वर्तमान में भाजपा के मंडल अध्यक्ष है.

संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आज से शुभारंभ

माखन नगर, 8 मई. स्वर्गीय अनिल पुरोहित मुन्ना भैया की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके परिवार द्वारा संगीत मय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 9 से 15 मई तक राधे गार्डन पेट्रोल पंप के सामने किया जा रहा है. कथा व्यास के रूप में पंडित अनिल मिश्रा नर्मदा पुरम कथा का वाचन करेंगे. पंचमुखी हनुमान मंदिर बस स्टैंड से कलश यात्रा शुरू होगी, जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए कथा स्थल पर पहुंचेगी. कथा की पूर्णहुति एवं भंडारा 15 मई को होगा. कथा प्रतिदिन दोपहर 2:00 बजे से 5:00 बजे तक होगी.

यातायात व्यवस्था बनाने में करें सहयोग

नर्मदापुरम, 8 मई. नगर की सुगम यातायात व्यवस्था, स्वच्छता, सुरक्षा एवं सार्वजनिक सुविधा सुनिश्चित करने हेतु कार्यवाही की जा रही है. सीएमओ हेमेश्वरी पटले ने कहा कि सभी व्यापारियों से अपेक्षा है कि वे प्रशासन का सहयोग करें तथा स्वयं अतिक्रमण हटाकर एक व्यवस्थित एवं सुरक्षित बाजार व्यवस्था बनाने सहभागी बनें.

सीएमओ पटले ने कहा कि विभिन्न बाजार क्षेत्रों, मुख्य मार्गों एवं फुटपाथों पर दुकानों की बिक्री हेतु परिधान सामग्री, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, खाद्य सामग्री, रैंक, ठेले, बोर्ड, बैनर, पैकिंग सामग्री आदि सार्वजनिक मार्ग पर रखे जाने से लोगों को परेशानी हो रही है.

कार्यालय नगरपालिका परिषद इटारसी जिला - नर्मदापुरम म.प्र.

पत्र क्रं./399/रा.शा./न.पा.इ./26
इटारसी दिनांक 08.05.2026
// इश्तहार प्रकाशन सूचना //

आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद इटारसी की दुकान पक्की /कच्ची प्लाट नं 74/1-14 कच्ची दुकान चिकमंगलूर चौराहा जो कि नगरपालिका अभिलेख में किरायेदारी की दुकान श्रीमति निर्मला सेनी पति कमलनारायण सेनी, कपिल, विजय पिता श्री कमलनारायण सेनी के नाम से दर्ज है जो किरायेदारी नाम परिवर्तन श्रीमती विद्या जैन पति विवेक जैन के नाम किरायेदारी में नाम परिवर्तन कराना चाहते हैं. उक्त दुकान की किरायेदारी नाम परिवर्तन कराये जाने में किसी को कोई आपत्ति है तो सभी मय दस्तावेज के साथ कार्यालय नगर पालिका परिषद इटारसी के कार्यालयीन समय में 15 दिवस के अंदर अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है. समयावधि होने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी

मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका परिषद इटारसी

कार्यालय नगरपालिका परिषद इटारसी जिला - नर्मदापुरम म.प्र.

पत्र क्रं./397/रा.शा./न.पा.इ./26
इटारसी दिनांक 08.05.2026
// इश्तहार प्रकाशन सूचना //

आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद इटारसी की दुकान पक्की /कच्ची प्लाट नं शीट नं 14 प्लाट नं 74/1 कच्ची दुकान जो कि नगरपालिका अभिलेख में किरायेदारी की दुकान श्री राजाराम सेन पिता चेतराम सेन के नाम से दर्ज है जो किरायेदारी नाम परिवर्तन श्री विवेक जैन पिता मदनलाल जैन के नाम किरायेदारी में नाम परिवर्तन कराना चाहते हैं. उक्त दुकान की किरायेदारी नाम परिवर्तन कराये जाने में किसी को कोई आपत्ति है तो सभी मय दस्तावेज के साथ कार्यालय नगर पालिका परिषद इटारसी के कार्यालयीन समय में 15 दिवस के अंदर अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है. समयावधि होने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी

मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका परिषद इटारसी

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी नर्मदापुरम

रा.प्र.क्र. 0162/अपील / वर्ष 2024-25
(पेपर प्रकाशन)
क्रं 206/प्र.अविअ./ 2026 नर्मदापुरम दिनांक 05/05/2026

अपीलार्थीगण / आवेदकगण 1. कुसुम शर्मा पत्नि सुरेश कुमार निवासी एल.आई.जी हनुमान नगर चौक इंदौर तहसील व जिला इंदौर 2. संध्या मिश्रा पत्नि नंदकिशोर निवासी सेंधवा तहसील व जिला बडवानी बनाम 1. गायत्री शर्मा विधवा स्व. वृन्दावन 2. संतोष कुमार आ.वृदावन दोनों निवासी.एल.आई.जी हनुमान नगर चौक इंदौर तहसील व जिला इंदौर 3. अंकिता शर्मा पुत्री स्व. कृष्णकांत शर्मा निवासी सूरजगंज इटारसी तहसील इटारसी जिला नर्मदापुरम द्वारा अधीनस्थ न्यायालय तहसीलदार माखननगर के राजस्व संशोधन पंजी क्रमांक 121 प्रमाणिकरण दिनांक 10.03.1987 में पारित आदेश दिनांक 10.02.1987 के विरूद्ध अपील आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है . अतएव एतद आप गायत्री शर्मा विधवा स्व. वृन्दावन 2. संतोष कुमार आ. वृदावन दोनों निवासी.एल.आई.जी हनुमान नगर चौक इंदौर तहसील व जिला इंदौर 3. अंकिता शर्मा पुत्री स्व. कृष्णकांत शर्मा निवासी सूरजगंज इटारसी तहसील इटारसी जिला नर्मदापुरम को सूचित किया जाता है कि आप उक्त प्रकरण में दिनांक 20.05.2026 को इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें इसके पश्चात की दशा में आपके द्वारा किये जाने वाले दावे पर कोई विचार नही किया जायेगा । यह विज्ञप्ति आज दिनांक 04.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पद मुद्रा से जारी की गई .

जय सोलंकी
अनुविभागीय अधिकारी री नर्मदापुरम

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व इटारसी जिला - नर्मदापुरम

1/991264/202605-05-2026
राजस्व प्रकरण क्रं -0144/अ(6)अ/ वर्ष 2025-26
विज्ञप्ति

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिवकुमार पटैल वल्द कन्हैयाल पटेल निवासी ग्राम पथरोटा तहसील इटारसी जिला नर्मदापुरम के द्वारा आवेदन पत्र अनुसार विधिवत जाँच कराकर जांच प्रतिवेदन धारा 115 के अंतर्गत पाँच वर्ष से अधिक अवधि की त्रुटि होने से अभिलेख दुरुस्ती किए जाने की अनुमति हेतु अपर कलेक्टर महोदय नर्मदापुरम को प्रेषित किया गया था। सशर्त अनुमति प्राप्त करने उपरांत ग्राम पथरोटा स्थित भूमि खसरा नंबर 32/3, 33/3, एवं 45 रकबा क्रमशः 0.262 हे0, 0.089 है. के राजस्व रिकार्ड में आवेदक का नाम वर्ष 1998 से 2002 तक शिवकुमार कन्हैयालाल दर्ज रहा किन्तु वर्ष 2002 में परिवर्तित भूमि ही दर्ज है। जो अभिलेख की अशुध्दि होना पाया गया है। उपरोक्त अशुध्दि को शुध्द करने की अनुमति सशर्तो के अधीन प्राप्त हुई है। जिसे दुरस्त करने की मांग की गई है जो त्रुटि होने से सुधार किए जाने की राजस्व अभिलेख में त्रुटि सुधार की अनुमति शर्तो के अधीन विधिमान्य की गई है। जिसमें बिन्दु क्रमांक स क्षेत्र में पाय जाने वाले दैनिक समाचार पत्रों में संशोधन परिवर्तन घोषणा का इश्तहार प्रकाशन कराए जाने हेतु बिज्ञप्ति जारी की जा रही है। अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र धारा 115 के अंतर्गत राजस्व अभिलेखों में हुई त्रुटियाँ को सुधार कराना चाहता है। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 30/05/26 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करे . अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण में आगामी कार्यवाही की जावेगी। समयावधि पश्चात प्राप्त सभी आपत्ति अमान्य की जावेगी। यह विज्ञप्ति आज दिनांक 04/05/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

नीलेश कुमार शर्मा
ज्वाईट कलेक्टर

उच्च शिक्षा ▶ प्रवेश के लिए घर-घर जाकर किया जा रहा है संपर्क

सुखतवा में कॉलेज चलो अभियान का दूसरा चरण शुरू

इटारसी, 8 मई. हर छात्र-कॉलेज तक के संकल्प को साकार करने हेतु भगवान बिरसा मुंडा शासकीय महाविद्यालय सुखतवा में कॉलेज चलो अभियान का द्वितीय चरण शुरू हो गया है. प्राचार्य डॉ. नीता राजपूत के नेतृत्व में महाविद्यालय की टीम विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा की मुख्यधारा से जोडने के लिए सघन प्रयास कर रही है.

प्रवेश के ग्राफ को बढ़ाने और बीच में पढ़ाई छोड़ने वाले (ड्रॉपआउट) विद्यार्थियों को पुनः शिक्षा से जोड़ने के लिए महाविद्यालय की एनएसएस इकाई विशेष भूमिका निभा रही है. टीम द्वारा क्षेत्र के 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों की सूची तैयार कर उनसे व्यक्तिगत फोन कॉल और घर-घर जाकर संपर्क किया जा रहा है.

इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को उच्च शिक्षा के महत्व से अवगत कराना और उन्हें पंजीयन हेतु प्रेरित करना है. विद्यार्थियों की सुविधा के लिए महाविद्यालय में एक विशेष प्रवेश सहायता केंद्र और काउंसलिंग टीम का गठन किया है. यह टीम संकाय और विषयों के चयन में छात्रों की दुविधाओं को दूर करेगी. साथ ही, प्रवेश प्रक्रिया को डिजिटल रूप से सुगम बनाने के लिए ई-प्रवेश मोबाइल एप का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है. स्थानीय एमपी ऑनलाइन केंद्रों के संचालकों को भी महाविद्यालय के उपलब्ध पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई है ताकि फॉर्म भरते समय छात्रों को कोई त्रुटि न हो.

> अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए ग्राम पंचायतों, चौराहों और ऑनलाइन केंद्रों पर समय-सारणी व पाठ्यक्रम संबंधी बैनर-पोस्टर लगाए हैं. प्राचार्य डॉ. नीता राजपूत ने बताया कि हमारा लक्ष्य है कि कोई भी पात्र विद्यार्थी उच्च शिक्षा से वंचित न रहे. टीम में नोडल अधिकारी कामधेनु पटोदिया के साथ डॉ. हिमांशु चौरसिया, जोसलिन कुजूर, डॉ. प्रवीण कुमार कुशवाहा, डॉ. सतीश ठाकरे, डॉ. सौरभ तिवारी, डॉ. राधा आशीष पांडे, डॉ. वेद प्रकाश भारद्वाज, डॉ. महेंद्र सिंह चौधरी, आयुष कुमार सादराम, संध्या उपाध्याय और डॉ. भावना यादव शामिल हैं.